BENNETT, COLEMAN & CO. LTD. | ESTABLISHED 1838 | VOL. XLI NO. 212 | LUCKNOW | WEDNESDAY, SEPTEMBER 13, 2023 | PAGES 24 | CAPITAL | PRICE ₹4.00

THE TIMES OF INDIA

INDIA'S MOST TRUSTED NEWS BRAND

INDIA'S LARGEST ENGLISH NEWSPAPER



**Solutions to health and climate problems need to be low-cost, Bill Gates tells TOI in an interview,** adds all 7 innovations mentioned in the Bill & Melinda Gates Foundation's Goalkeepers report will be available soon

Russian President Vladimir **Putin says he sees nothing in the India-Middle East-Europe Economic Corridor (IMEC) that can hinder Russia** and he believes the project will benefit his country

**Kolkata-born Jayanta Bhattacharya,** professor at Stanford University, along with fellow scientists, **wins a landmark legal victory in a free speech censorship case against the US govt**

Speaker Kevin McCarthy says he is **directing a House committee to open a formal impeachment inquiry against US Prez Joe Biden** over his family's business dealings, launching historic proceedings ahead of the 2024 election





# City med colleges bag QCI's 'A' grade

Era College of Nursing and Era College of Paramedical Sciences bagged 'A' grade from Quality Council of India (QCI). The institutes were also given 'Certificate of Excellence'. Prof S Riaz Mehdi, dean, faculty of paramedical sciences and Prof Priscilla Samson, dean, college of nursing, received the certificates on behalf of Era university from deputy chief minister Brajesh Pathak on Tuesday. The UP government has made it mandatory for all nursing and paramedical colleges of state for QCI assessment.

hindustantimes.com
@hindustantimes @httweets @hindustantimes @hindustantimes
VOL. XXVI NO. 212 PRICE ₹4.00 18 PAGES + 2 PAGES OF HT CITY ONLY IN LUCKNOW. AREA SPECIFIC PAGES EXTRA.

LUCKNOW/METRO
Wednesday, September 13, 2023

Hindustan Times
FIRST VOICE. LAST WORD.



# Era colleges get 'A' rating

**LUCKNOW :** Era College of Nursing and Era College of Paramedical Sciences bagged 'A' ratings and were given a 'Certificate of Excellence' at a function on Tuesday. U.P. government conducted an assessment of all nursing and paramedical colleges in the state through a team of experts from the Quality Council of India.

Deputy chief minister Brijesh Pathak and minister of state for medical education and health Mayankeshwar Sharan Singh, principal secretary of medical education Alok Kumar, director general of medical education Kinjal Singh, gave the certificate. **HTC**

लखनऊ, बुधवार
13 सितंबर, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



छोटी रिफाइनरी लगाने पर होगा जोर 11

भारत ने अपने बूते बनाई पहचान, अरब से लेकर अफ्रीका तक बढ़ेगा व्यापार 11

जागरण सिटी
www.jagran.com
लखनऊ, बुधवार, 13 सितंबर, 2023

दैनिक जागरण
लखनऊ

### चारवाग स्टेशन पर काव्य गोष्ठी

जासं, लखनऊः राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत चारबाग स्टेशन पर एक काव्य गोष्ठी हुई। कवि संजय मल्होत्रा हमनवा ने मंच का संचालन किया। कवि कुलदीप "कलश", अभिषेक "सहज", डा. निर्भय गुप्ता, ज्योति शेखर, सरला अस्मा, डा. श्वेता श्रीवास्तव व राकेश जोशी ने अपनी भावपूर्ण कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

# एंटीबायोटिक्स के अधूरे कोर्स से सेप्सिस का खतरा

- विश्व सेप्सिस दिवस पर केजीएमयू में संवाद कार्यक्रम
- साइलेंट किलर की तरह काम करता है सेप्सिस

जासं, लखनऊः सर्दी, खांसी या वायरल बुखार होने पर अक्सर लोग एंटीबायोटिक का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन दवा का कोर्स पूरा नहीं करते। अधूरे कोर्स के कारण वायरस और बैक्टीरिया रजिस्टेंट (प्रतिरोधी) होते जा रहे हैं और इसका दुष्प्रभाव सेप्टीसीमिया या सेप्सिस बनकर लोगों की जान ले रहा है। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में विश्व सेप्सिस दिवस पर मंगलवार को संवाद कार्यक्रम में यह जानकारी दी गई।

केजीएमयू को शताब्दी फेस-दो अस्पताल स्थित पल्मोनरी क्रिटिकल केयर मेडिसिन (पीसीसीएम) विभाग में आयोजित कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डा. वेद प्रकाश ने बताया कि सेप्टीसीमिया का अर्थ है- खून में संक्रमण। इसकी वजह से शरीर के कई अंगों को नुकसान होता है। यूरोलाजी विभाग के डा. अपुल गोयल ने बताया कि सेप्सिस एक साइलेंट किलर की तरह काम करता है। मरीज के रक्तचाप में कमी समेत मल्टी आर्गन फेल्योर का भी प्रमुख कारण बनता है और मरीज की मृत्यु हो सकती है। सेप्सिस किसी भी उम्र के व्यक्ति में हो सकता है। हर साल पूरे विश्व में इससे लगभग एक करोड़ 10 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। पांच में से एक व्यक्ति की मृत्यु सेप्सिस के कारण होती है। वहीं भारत में सेप्सिस से होने वाली मृत्यु दर प्रति लाख व्यक्ति है। संवाद में उपस्थित केजीएमयू रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के पूर्व प्रमुख डा.राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि अजिथ्रोमाइसीन, लेवोफ्लाक्सासिन, डाक्सीसाइक्लिन समेत 10 से 15 दवाइयां ऐसी हैं जिन्हें आइसीयू के मरीजों को देने के बाद उनकी कल्चर रिपोर्ट में महज दो से तीन दवाइयां ही असरकारक साबित होती हैं। ऐसे में भविष्य की पीढ़ी के लिए एंटीबायोटिक के दुरुपयोग को रोकना जरूरी है।




विश्व सेप्सिस दिवस पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में जानकारी देते (बाएं से) डा. राजेंद्र प्रसाद, डा. वेद प्रकाश और डा. अपुल गोयल ● सौजन्य : केजीएमयू।

डा. वेद ने बताया कि विभाग के आइसीयू में 33 वेंटीलेटर हैं। इन पर 50% से भी अधिक मरीज सेप्सिस से ग्रस्त होकर आते हैं। इसका मुख्य कारण समुदाय में एंटीबायोटिक रजिस्टेंट बैक्टीरिया का बढ़ना है। बिना चिकित्सकीय परामर्श के कई एंटीबायोटिक दवाएं मेडिकल स्टोर पर आसानी से मिल जाती हैं। पांच दिन के कोर्स की बजाय दो दिन की ही दवा खाने पर अक्सर बैक्टीरिया, वायरस या फंगस अपने अंदर बदलाव लाकर प्रतिरोधी क्षमता विकसित कर लेते हैं। इसके बाद उन पर दवा असर नहीं करती और उनके जरिये यह बैक्टीरिया अन्य लोगों तक पहुंच जाता है। किडनी, लिवर, कैंसर रोगी, गर्भवती समेत कम इम्यूनिटी वाले लोगों में यह गंभीर सेप्सिस का कारण बनती है।

# इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

लखनऊ, बुधवार, 13 सितम्बर 2023

वर्ष 15 अंक 365 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12


धन-समृद्धि से युक्त बड़े-बड़े राज्यों के राजा-महाराजों की तुलना भी उस चींटी से नहीं की जा सकती है जिसमें ईश्वर का प्रेम भरा हो।

-गुरुनानक देव

तापमान - अधिकतम 31.3°C (-2.3) न्यूनतम 25.0°C(+0.1) सेंसेक्स 67,221.13 (+094.05) निफ्टी 19,993.20 (-003.15) सोना 59,990 चांदी 74,500 मुद्रा - डालर 82.86 दिरहम 22.56 रियाल 22.09



# नर्सिंग पेशा नहीं, मानव सेवा : पाठक

- पीजीआई में ए ग्रेडेड नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संस्थान सम्मानित
- मिशन निरामया के तहत टीचर्स एक्सीलेंस अवार्ड की शुरुआत

**लखनऊ (सं)।** नर्सिंग कोई पेशा नहीं बल्कि मानव सेवा का एक जरिया है। नर्सिंग और पैरामेडिकल के क्षेत्र में प्रदेश में काफी कम हो रहा है। मिशन निरामया के तहत सैकड़ो लोगों को रोजगार मिला है। आज वेबसाइट का शुभारंभ हुआ। यह कहना है उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का।

डिप्टी सीएम मंगलवार को संजय गांधी पीजीआई में आयोजित स्टेट मेडिकल फैकल्टी में ए श्रेणी के नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संस्थानों का प्रशस्ति पत्र वितरण एवं निरामया गौरव, नर्सिंग टीचर एक्सीलेंस अवार्ड समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यूपी तेजी से बढ़ता हुआ प्रदेश है। आयुष्मान कार्डों को युद्ध स्तर पर तैयार कराया जा रहा है। एक जनपद-एक मेडिकल कॉलेज के तहत प्रदेश में व्यापक स्तर पर कार्य जारी है। नियमित रूप से नर्सिंग एवं पैरामेडिकल क्षेत्र में भर्तियां की जा रही हैं। उन्होंने जानकारी दी कि पिछले वर्ष आठ अक्टूबर को मुख्यमंत्री ने मिशन निरामया के तहत नर्सिंग एवं पैरामेडिकल के क्षेत्र में कॉलेजों की ग्रेडिंग व्यवस्था का शुभारंभ किया था। इन्हीं ए रेटेड संस्थानों को आज सम्मानित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि मिशन के तहत कॉंटिनियस नर्सिंग प्रोफेशनल डवलपमेंट प्रोग्राम की शुरुआत की गई है। उत्तर प्रदेश नर्सिंग पेशे के लिए इतना व्यापक कार्यक्रम लागू करने वाला भारत का पहल राज्य बनने जा रहा है। इस अभियान के तहत कार्यशालाएं, सेमिनार, वेबिनार और कौशल प्रदर्शन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि निरामया गौरव के अंतर्गत नर्सिंग शिक्षक उत्कृष्ता पुरस्कार लांच किया जा रहा है। मिशन निरामया की वेबसाइट भी शुरू की गई।

उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सा कार्मिकों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, प्रमुख सचिव (चिकित्सा शिक्षा) आलोक कुमार, महानिदेशक (चिकित्सा शिक्षा) किंजल सिंह, एसजीपीजीआई के निदेशक डॉ. आरके धीमान सहित अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।



## एरा कालेज ऑफ नर्सिंग को मिली 'ए' रैंक

**लखनऊ (सं)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ने प्रदेश के सभी नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज का मूल्यांकन क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के विशेषज्ञों की टीम से कराया। एरा कॉलेज ऑफ नर्सिंग और एरा कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज दोनों को 'ए' रैंक से प्रमाणित कर श्रेष्ठता का प्रमाण पत्र दिया गया। एरा विश्वविद्यालय की ओर से प्रो. एस. रियाज मेहदी, डीन, पैरामेडिकल साइंसेज संकाय एवं प्रो. प्रिसिला शैमसन, प्रिंसिपल कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से प्रमाण पत्र प्राप्त किया। संजय गांधी पीजीआई में आयोजित समारोह में चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान किंजल सिंह भी उपस्थित थी।